

## एक नजर में

### गोल्डन एरा ऑफ दावत किताब का विमोचन



**उज्जैन।** दाऊदी बोहरा समाज के धर्मगुरु हिज़ होलीनेस डॉ सैयदना अलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहब (त.उ.श) की आज 12 अक्टूबर को मिलाद (जन्मदिवस) मुबारक है। खुज़ेमा चांदा भाई वाला ने बताया कि सैयदना साहब की मिलाद के अवसर पर सर्वधर्म के महानुभावों के हाथों गोल्डन एरा ऑफ दावत किताब का विमोचन किया गया। शुरुआत में बोहरा समाज के हाजी मुल्ला क़ुतुब फातेमी, उज्जैन सिख समाज से अलका सुरेन्द्रसिंह अरोरा, सनातन धर्म से पंडित महेश पुजारी, इस्कॉन मंदिर उज्जैन के प्रवक्ता राघव पंडित, इसाई धर्म से फादर एन्थोनी, मुस्लिम समाज से नवेद ख़ान, अखिल भारतीय आंजना समाज के उपाध्यक्ष विक्रमसिंह पटेल, चरणजीतसिंह कालरा, नाज़िमा कुतुब फातेमी एवं शिल्पा द्वारा गोल्डन एरा ऑफ दावत किताब का विमोचन किया गया। सभी महानुभावों ने समाजजनों को सैयदना की मिलाद की बधाई देते हुए किताब की सराहना की एवं सैयदना की दिर्घायु होने की दुआ की। पुस्तक में पिछले 10 वर्षों में सैयदना साहब ने देश विदेश में मोहर्रम पर्व के अवसर पर प्रवचन में बयान किये थे उनका चित्रों सहित उल्लेख हैं। बोहरा समाजजनों को किताब निशुल्क वितरित की जाएगी। कार्यक्रम का आभार हुसैन भाई बॉक्स ने माना।

### दीपावली पर्व पर श्री बद्रीविशाल मंदिर में होंगे विभिन्न आयोजन

**नागदा जं. निप्र।** श्री बद्रीविशाल मंदिर में 20 अक्टोबर सोमवार को दीपावली मनाई जावेगी। इस अवसर पर मंदिर में भगवान का विशेष श्रृंगार होगा व मंदिर में रोशनी की जावेगी। सुबह 7.15 पर आरती होगी, संध्या 6 बजे से मंदिर में दीप प्रवलित किये जायेंगे। कार्यक्रम के तहत 21 अक्टूबर मंगलवार को श्री बद्रीविशाल मंदिर में अन्नकूट महोत्सव व पोरवाल समाज का दीपावली मिलन समारोह आयोजित होगा। इसके तहत 21 अक्टूबर को प्रात: मंदिर में गोवर्धन पूजा होगी व भगवान को 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया जाएगा। इसके पश्चात् पोरवाल समाज का दीपावली मिलन समारोह व महाप्रसादी होगी। पोरवाल समाज अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पोरवाल, उपाध्यक्ष कैलाश सेठिया, समाजसेवी नन्दकिशोर पोरवाल, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र पोरवाल, सचिव अशोक पोरवाल, सहसचिव रमेशचन्द्र फरक्या सहित मंदिर समिति सदस्यों व पोरवाल समाज के सदस्यों ने सभी स्वजाति बंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। यह जानकारी योगेन्द्र पोरवाल ने दी है।

### प्रकाश नगर पेयजल वितरण को लेकर नागरिक परेशान

**नागदा।** प्रकाश नगर वार्ड क्रमांक 22-23 में पेय जल वितरण आए दिन नहीं होना कभी-कभी सुबह नहीं कभी शाम को नहीं, नागरिक परेशान हो रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सीएल वर्मा, ठाकुर पहलवान सिंह ने बताया कि 5 महीने तक नई पुरानी लाइन के चक्कर में दोनों वार्ड जनता परेशान रही अभी तक 10 माह में 32 दिन जल वितरण नहीं हुआ। क्या नगर पालिका सभी उपभोक्ताओं का एक माह का बिल माफ करेगी। आपने बताया कि दीपावली का त्योहार आ रहा है। प्रत्येक उपभोक्ताओं को पानी की आवश्यकता होती है, ऐसे में नगर पालिका की लापरवाही वह भी चंबल नदी में पानी और फ्लो हो रहा है व्यवस्था गड़बड़ा रही है अभी लगातार पानी में गड़बड़ी चल रही है। आप लोगों ने जल समिति सभापति प्रकाश जैन, जल शाखा प्रभारी अशोक परमार को अवगत कराते हुए कहा कि जल वितरण में सुधार शीघ्र करें। संपूर्ण प्रकाश नगर में बोरिंग की व्यवस्था नहीं है जिससे जरूर हो सके नगर पालिका सीएमओ पीके सुमन एवं अध्यक्ष संतोष गहलोत से भी आग्रह है कि दोनों वार्ड की पेयजल व्यवस्था शीघ्र सुधारे पूर्व में एक घंटा भी जल विचरण होता था 40 रुपए मासिक किराया था अब मासिक 112 रुपए उपभोक्ताओं को देना पड़ता है और परेशानी निरंतर बनी रहती है व्यवस्था तुरंत सुधारे।

### मुख्य मार्ग बन रहा हादसों का कारण, ग्रामीणों में आक्रोश

**माकड़ोन।** माकड़ोन-रूपाखेड़ी से तनोड़िया जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों अपनी बदहाल हालत के कारण हादसों को न्योता दे रहा है। ग्राम उमरिया सहित आसपास के गांवों से होकर गुजरने वाली सभी सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है, जिस पर चलना वाहन चालकों और राहगीरों के लिए किसी जोखिम से कम नहीं है। सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण आए दिन छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। स्कूल जाने वाले बच्चों की बसें, किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और व्यापारियों के वाहन इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं, जिससे सभी वर्ग परेशान हैं। बरसात के बाद सड़क पूरी तरह ऊबड़-खाबड़ हो गई है और जगह-जगह कीचड़ भरा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। क्षेत्र के सांसद एवं विधायक इसी मार्ग से गुजरते हैं, फिर भी सड़क की दुर्दशा पर मौन बने हुए हैं। ग्राम उमरिया के सुवास फटा आसपास के सभी रोड माकडोन से रूपाखेड़ी सहित ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द सड़क निर्माण की कार्रवाई नहीं की गई तो वे शासन-प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों तक ज्ञापन सौंपकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### नल-जल योजना बनी ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब

**माकड़ोन।** माकड़ोन-रूपाखेड़ी क्षेत्र में नल-जल योजना के तहत बिछाई जा रही पाइपलाइन कार्य में लापरवाही के चलते पूरे गांव की सड़कों का सीमेंट कांक्रीट टूट-फूट गया है। स्थिति यह है कि जहां कभी ग्रामीण आसानी से आवागमन करते थे, वहीं अब वाहनों का चलना तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पाइपलाइन डालने के बाद ठेकेदारों द्वारा सड़क को सही तरीके से दुरुस्त नहीं किया गया। जगह-जगह गड्ढे और टूटी सड़कों के कारण आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों से शिकायतें करने के बावजूद अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ग्रामवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कर नई सीमेंट कांक्रीट सड़क बनाई जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके और आवागमन फिर से सुचारू रूप से शुरू हो सके। गांव के लोग अब उम्मीद लगाए बैठे हैं कि अधिकारी इस बार ध्यान देंगे और लंबे समय से चली आ रही इस समस्या का स्थायी समाधान करेंगे। यह जानकारी राजेंद्र राठौड़ ने दी।

### सीरतुन्नबी कमेटी की बैठक संपन्न



**उज्जैन।** इंदौर रोड स्थित इंपीरियल होटल में सीरतुन्नबी कमेटी उज्जैन द्वारा बैठक आयोजित की गई। जिसमें नवंबर माह में होने वाले तीन दिवसीय प्रोग्राम को लेकर चर्चा हुई। कमेटी के सदर हाजी फ़हीम सिकंदर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सीरतुन्नबी कमेटी तक़रीरी मुकाबला ओर इस्लामी क्विज़ कॉम्पिटिशन 2025 का प्रोग्राम करेगी। जिसको लेकर कमेटी द्वारा तैयारियां की जा रही है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सैयद आबिद अली मीर साहब उपस्थित थे। बैठक में प्रोग्राम को लेकर सभी पदाधिकारी के साथ चर्चा की और सभी ने अपने-अपने प्रोग्राम को लेकर सुझाव रखें। प्रोग्राम 5 नवंबर को शुरू होगा जो लगातार तीन दिवस तक चलेगा जिसका समापन 8 नवंबर को किया जाएगा। बैठक के दौरान कमेटी के सभी मेंबरों को कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग प्रकार जवाबदारी दी गई। इस कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के 7 साल से की उम्र से लेकर 40 साल तक के लोग कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## सिंहस्थ में यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर मिलेंगे नए प्लेटफार्म

- उज्जैन में रेल यात्रियों की अग्निपरीक्षा
- प्लेटफॉर्म निर्माण से 50 से अधिक ट्रेनें प्रभावित
- यात्री नागदा-मक्सी उतरने को मजबूर

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. महाकाल की नगरी में सिंहस्थ की तैयारियों में रेलवे भी जुट गया है, ऐसे में कई ट्रेनें रद्द कर दी गई है,साथ ही रूट डायवर्ट भी किए गए हैं. यात्रियों को भारी असुविधा का सामना भी करना पड़ रहा है, दूसरे स्टेशनों पर उतरकर अन्य स्टेशनों से टिकट बुकिंग करना पड़ रही है.**

दरअसल उज्जैन रेलवे स्टेशन पर 7 व 8 नंबर प्लेटफॉर्म का निर्माण शुरू कर दिया है, जिससे सिंहस्थ 2028 में यात्रियों को को सुविधाएं मिलेंगी. रेलवे के अधिकारी कर्मचारियों ने यात्रियों को हो रही असुविधा के विषय में उद्घोषणा भी प्रारंभ कर दी है.

### वैकल्पिक स्टेशन पर व्यवस्था

उज्जैन में कई ट्रेनें रद्द होने पर नागदा-इंदौर से टिकट बुकिंग की जा रही है, यात्रियों के लिए रेलवे के निर्देश जारी किए है,और नए प्लेटफॉर्म के फायदे यात्रियों को बताए जा रहे है. उज्जैन आने वाले यात्रियों को उनके गंतव्य से पहले के स्टेशनों, जैसे नागदा, मक्सी, शाजापुर, इंदौर आदि पर उतारा जा रहा है. इन स्टेशनों से ही यात्री अपने गंतव्य के लिए वैकल्पिक टिकट या आगे की यात्रा की व्यवस्था कर रहे हैं.




### उज्जैन स्टेशन का कायाकल्प

नवभारत से चर्चा में रेलवे प्रबंधक संजय सक्सेना ने कहा कि सिंहस्थ के मद्देनजर उज्जैन रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है, 2 नंबर प्लेटफार्म का दायरा भी बढ़ाया जा रहा है. अभी वह छोटा है निर्माण कार्य खत्म होने के बाद वृहद पेमाने पर यहां पर यात्री आवागमन कर सकेंगे, साथ ही 7 नंबर 8 नंबर प्लेटफार्म का इजाफा होने से देशभर से आए यात्रियों को सुलभता होगी, कुल मिलाकर स्टेशन पर कायाकल्प का कार्य प्रारंभ हो गया है.

### 40 हजार यात्रियों का होल्डिंग एरिया

प्लेटफॉर्म 7-8 बनने से परेशानी कम होगी, सिंहस्थ के लिए 40 हजार यात्रियों का होल्डिंग एरिया तैयार होगा, जब लाखों श्रद्धालु एक ही दिन पर्व स्नान पर की के दौरान पहुंचेंगे तो रेलवे विभाग को ज्यादा मशक्कत नहीं करना पड़ेगी और सिंहस्थ की स्पेशल ट्रेनों से लेकर सामान्य ट्रेनों से आए यात्री अलग-अलग प्लेटफार्म पर विभाजित कर दिए जाएंगे.

### रेल यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य के चलते इन दिनों यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है. रेलवे द्वारा यार्ड रीमॉडलिंग के चलते 50 ट्रेनें प्रभावित हुई है.

### जानकारी लेकर यात्रा करें

यार्ड रीमॉडलिंग और नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण फिलहाल कई ट्रेनें पूरी तरह रद्द की गई हैं. इनमें प्रमुख रूप से नागदा बीना एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 19341) और बीना नागदा एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 19342) जैसी कुछ महत्वपूर्ण ट्रेनें शामिल हैं. यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन से अवश्य जांच लें.

## माकड़ोन में स्वर्णकार समाज की नई कार्यकारिणी गठित

**माकड़ोन।** मेड क्षत्रिय स्वर्णकार समाज माकड़ोन की कार्यकारिणी का निर्वाचन पूर्ण उत्साह और एकता के वातावरण में संपन्न हुआ। समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर मोहनलाल सोनी, सचिव सुनील कुमार सोनी, सह-सचिव राजेंद्र कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष कैलाशचंद सोनी, उपाध्यक्ष शंभूदयाल सोनी, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र कुमार सोनी तथा सह-मीडिया प्रभारी राहुल सोनी पटेल निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी के संरक्षक लीलाधर सोनी ने बताया कि समाज में संगठन, सहयोग एवं एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जो समाज के उत्थान और हित में निरंतर कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार सोनी ने सभी समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का आव्हान किया। समिति में मुकेश कुमार सोनी, राजेश सोनी, भानेज संजय कुमार सोनी, पार्षद प्रभुलाल सोनी, दिलीप कुमार सोनी, संजय कुमार सोनी, संतोष कुमार सोनी, महेश कुमार सोनी, डॉ. शीतल कुमार सोनी, आशुतोष सोनी, पवन कुमार सोनी सहित कई समाजजन सदस्य चुने गए। सदस्यों में राहुल कुमार सोनी एवं संजय कुमार सोनी का भी नाम प्रमुखता से शामिल है।

## शासकीय महाविद्यालय नागदा में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार

**नागदा। शनिवार को शासकीय महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार जैव विविधता एवं जलवायु परिवर्तन पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के ओएसडी प्रोफेसर डॉ. जीआर गांगले रहे। उन्होंने महाविद्यालय की टीम को बधाई दी एवं साथ में साथ ही वर्तमान के ज्वलंत समस्याओं को वेबीनार के रूप में चुनने के लिए प्रशंसा की।**

वेबीनार में देश के उत्तराखंड, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश एवं आईआईटी से लोग जुड़े एवं अपने शोध पत्रिकाओं का वचन भी किया गया। प्रात: 10.30 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीबी रेड्डी एवं संगठन सचिव, सहसचिव ने मां सरस्वती को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्रथम वक्ता के रूप में मल्ला रेड्डी विश्वविद्यालय हैदराबाद की डॉ. श्रीदेवी द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए। द्वितीय वक्ता के रूप में उत्तराखंड के पंत विश्वविद्यालय के पंत कृषि विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. रवि मोहन श्रीवास्तव ने अपना उद्बोधन दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रेड्डी के द्वारा जलवायु परिवर्तन परिवर्तन की नीति में राजनीति के प्रवेश पर अपना प्रस्तुतीकरण किया गया। वक्ता के रूप में आईआईटी बनारस के प्राध्यापक डॉ. विशाल मिश्रा के द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गये।

द्वितीय सत्र में हैदराबाद की मल्ला रेड्डी यूनिवर्सिटी की वेमुला ब्लेसी वेमुला ने जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता की हानि के दोहरे संकट पर एक प्रभावी भाषण प्रस्तुत किया। उनके अनुसार परिवर्तन के कारण धरती का तापमान, अतिवृष्टि भीषण गर्मी के लहरें एवं अन्य अनियंत्रित बाढ़ अब सामान्य हो गए जो कि मानव निर्मित है। अंतिम वक्ता के रूप में महाविद्यालय के राजनीतिक विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. ओम प्रकाश परमार द्वारा प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने शोध वचन भारतीय ज्ञान परंपरा के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सीएल डोडिया द्वारा किया तथा आभार डॉ. केसी मिश्रा ने माना। आयोजन में वासुदेव जटावन, डॉ. सुनील कुमार प्रसाद, डॉ. शिवशंकर पटेल, डॉ. रचना खंडेलवाल, डॉ. प्रीति कनोजिया, डॉ. उषा वर्मा, डॉ. आशाराम चोहान, प्रो.अंजु ठाकुर, डॉ. सोनाक्षी सोलंकी, एवं कार्यालयीन स्टॉफ का अभुतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ।

## नवीन गौ शेड धेनूधाम का लोकार्पण



**बड़नगर।** श्री गौ त्रास निवारणी गोपाल गौ शाला में समाज सेवी महेन्द्र पोरवाल के सहयोग से निर्मित नवीन गौ शेड धेनूधाम का लोकार्पण आचार्य भगवंत विजय दिव्यानंद सूरिश्वर एवं पूज्य साध्वी विशा माताजी ससंघ के सानिध्य एवं मुख्य अतिथि नगर के विधायक जितेन्द्र उदय सिंह पंड्या एवं अभय टोंग्या नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह सिसौदिया, शांतिलाल धबाई, मुरली मोरवाल एवं गोपालन पशुधन संवर्धन समिति उज्जैन के उपाध्यक्ष गणेश रावल थे। कार्यक्रम में दानदाताओं ने भी इस पुनीत कार्य के लिए मुक्तहस्त से संस्था को दान राशि प्रदान की। दिव्य आराधना चातुर्मास समिति बड़नगर ने 51 हजार तहसील की विभिन्न गोशालाओं को दिए गए।1 लाख मनोहरलाल सोनी, 5100 सुरेश जी भावसार ने दान किए। कार्यक्रम में संजय विजयवर्गीय, चतरसिंह सेमलिया, कृष्णदास नीमा, डॉ. कुरैशी का भी बहुमान किया। एक नवीन शेड और उपलब्ध होने पर समिति सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुवे अपने ही सदस्य का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में नगर के गणमान्य विनोद बम, सत्यानारायण शर्मा, चन्द्रप्रकाश नागर, डॉ. वासुदेव काबरा, विष्णुकुमार पोरवाल, सुरेश भावसार, संदीप मारू, सांवरिया शर्मा आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।



## पपू सुज्येष्ठा की बीसवीं ओली तप का पारण

**महिदपुर। शनिवार को पपू सुजेष्ठा की बीसवीं वर्धमान तप की ओली का पारणा बादामबाई दुलीचंद चौपड़ा परिवार के बड़े सुपुत्र श्रीपाल चौपड़ा के निवास स्थान पर सम्पन्न हुआ। इसके पूर्व सभी मसा को उपाश्रय से घर बाजे से छत्र छाया में लेकर आये।**

सभी मंडल की सदस्याएं मसा को बधाने के लिये गवली जयकारे आदि लगाकर आकर्षक नृत्य के द्वारा घर में प्रवेश कराया गया। रत्ना चौपड़ा ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात गुरुवंदना की। भक्तांबर पाठ सामूहिक रूप से कराया गया। मसा ने बताया-मनुष्य जीवन में चार तरह के लोग- भाग्यशाली, सौभाग्यशाली, अहोभाग्य

शाली व दुर्भाग्यशाली होते हैं। जो अपने जीवन में सभी सुखों को भोगकर अपनी लक्ष्मी का सदुपयोग करते हैं वो अहोभाग्य शाली होते हैं। जो कुछ नहीं करतें वो दुर्भाग्यशाली होते हैं। हमको अहोभाग्य शाली बनना है और जिन शासन के कार्यों को पूरा करना है। इसके पश्चात दादागुरु के इकतीसे का पाठ करने के बाद मांगलिक सुनाई। रमेशचन्द्र सकलेचा ने अपने उद्गार प्रकट करते हुए मसा व चौपड़ा परिवार के बारे में बताते हुए मसा के पारणे की अनुमोदना की। इसके बाद सकल श्रीसंघ की संघ पूजा, नवकारसी पोरवाल धर्मशाला में कराकर धर्मलाभ लिया। श्रीपाल चौपड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी खरतरगच्छ मीडिया प्रभारी सीमा चौपड़ा ने दी।

## नोबल पीड़ित डोनाल्ड ट्रंप को पहला ग्लोबल टेपा सम्मान देने की घोषणा

**उज्जैन।** अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन उज्जैन ने आगामी 1 अप्रैल 2026 को अंतरराष्ट्रीय मूर्ख दिवस पर आयोजित होने वाले 53वें टेपा सम्मेलन में डोनाल्ड ट्रंप को पहला ग्लोबल टेपा सम्मान देने का निर्णय लिया है। यह जानकारी देते हुए टेपा सम्मेलन के सचिव मनीष शर्मा ने बताया कि पिछले कई महीनों से ट्रंप ने अपने टेपानुकूल कृत्यों से सिद्ध कर दिया है कि वे ही विश्व के सबसे बड़े टेपा हैं। नोबल पुरस्कार समिति भले उनकी प्रतिभा और योग्यता को नहीं पहचान पाई पर टेपा सम्मान समिति उनके ऊललजुलूल कार्यों, निर्णयों और दावों से बेहद प्रभावित हुई है। अपने पुराने हथियार और लड़ाकू विमान बेचने के लिए दो देशों के बीच युद्ध करवाना और फिर युद्ध विराम कराना और बैठे - ठाले कई युद्ध विरामों का जबरन श्रेय लेना! इससे बड़ा टेपापन नहीं है। ट्रंप के कारण यूएनओ जैसी संस्था अपना महत्व खो रही हैं।

**एक नजर** महिला वर्ग में योगिता गोस्वामी, यावर सीनियर व यूथ में बेस्ट आर्म रेसलर बने

## पंजा कुश्ती चैंपियनशिप में 153 महिला, पुरुष खिलाड़ियों ने की जोर आजमाइश

**उज्जैन। मध्यप्रदेश आर्म रैसलिंग एसोसिएशन भोपाल के तत्वावधान में उज्जैन जिला पंजा कुश्ती संघ द्वारा आठवीं स्वर्गीय चुन्नी पहलवान एवं कमल यादव काका स्मृति जिला स्तरीय, सब जूनियर, जूनियर यूथ एवं सीनियर महिला, पुरुष पंजा कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। पंजा कुश्ती चैंपियनशिप में उज्जैन जिले के 153 महिला, पुरुष खिलाड़ियों ने तकनीकी एवं ताकत का बेहतरीन प्रदर्शन किया। महिला सीनियर वर्ग में योगिता राज गोस्वामी बेस्ट आर रेसलर के खिताब से सम्मानित की गई। वहीं पुरुष वर्ग में यूथ एवं सीनियर वर्ग में यावर अली ने दोहरा खिताब अर्जित किया।**



सब जूनियर वर्ग में सहीम अहमद एवं जूनियर वर्ग में नवीन नवीन राठौर अव्वल रहे। चैंपियन खिताब धारी को ग्यारह हजार नगद प्रदान किये गए। चैंपियनशिप का शुभारंभ मध्य प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष मनोहर सिंह शेखावत, उपाध्यक्ष समीर व्यास इंदौर, राज्य राज्य शरीर सौष्ठव संस्था के चेयर मेन प्रेम सिंह यादव, राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके, गजेंद्र मेहता, महर्षि पंडित रमन त्रिवेदी, समाजसेवी राम सिंह कुशवाह, संदीप सिंह कुशवाह, गोपाल यादव ने किया। अतिथि द्वारा बजरंगबली के जय कारे के साथ पूजन अर्चन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के अतिथि समाजसेवी नारायण यादव थे। अध्यक्षता विक्रम विश्वविद्यालय के सिंडिकेट मेंबर राजेश सिंह कुशवाह ने की। विशेष अतिथि के रूप में प्रकाश यादव, परेश कुलकर्णी, समीर उल हक, कृष्णा यादव, अशोक यादव, राजाराम यादव, संजय पटेल, उदय सिंह चंदेल, सुमेर सिंह सिसोदिया अध्यक्ष करणी सेना, जमुना यादव ने किया। इस अवसर पर मोहनपुरा के समाजसेवी अनिल पटेल, अमित सचदेव, महेश अजमेरी, रंजित राव को खेल मित्र अलंकरण से सम्मानित किया गया। स्पर्धा के निर्णायक संजय यादव इंदौर, अजय आंजना, अल्ताफ, अदनान, महेंद्र, रोहित रहे। वहीं तकनीकि कार्य देवेंद्र सिंह कुशवाह, रवि मालवीय, आकाश यादव, नवीन वाघेला, कमल, लखन, महेंद्र ने संभाला। स्पर्धा के विभिन्न ग्रुपों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को कांस्य, रजत एवं स्वर्ण पदक प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया।